बिहार में केंद्र सरकार ने गोरौल (वैशाली) में केला अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री राधा मोहन सिंह ने कहा है कि बिहार केले की खेती के लिए काफी उपयुक्त है और बड़े पैमाने पर केले की पैदावार यहां के किसानों की तकदीर बदल सकती है।

- कृषि मंत्री ने यह बात आज गोरौल जिला वैशाली, बिहार में केला अनुसंधान केन्द्र के शिलान्यास के अवसर पर कही।
- कृषि मंत्री ने कहा कि अक्टूबर, 2016 को राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा को केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय का दर्जा मिला। इसके बाद वैशाली में केले की खेती करने के इच्छुक किसानों की उम्मीदें पूरी करने के लिए सरकार ने यहां केला अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया है।
- केला अनुसंधान केन्द्र वैशाली के गोरौल प्रक्षेत्र के तहत आता है और पारिस्थितिकीय कारणों के कारण केला अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के लिए गोरौल को चुना गया है।
- उन्होंने कहा कि यह केन्द्र देश एवं राज्य में केले की खेती के कम उपज के कारणों, खेती के रकवा विस्तार, पौधे के अन्य भागों के समुचित उपयोग, विभिन्न उत्पाद, विपणन एवं मूल्यवर्धन (वैल्यू एडिशन) के क्षेत्र में अनुसंधान करेगा।
- श्री सिंह ने बताया कि डा. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने के लिए केले की खेती से आमदनी दुगुनी करने के लिए शोध शुरू कर दिया है।
- इस शोध संस्थान के शुरू होने से यह अनुसंधान और जोर पकड़ेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि केन्द्र अनुसंधानकर्ताओं के सहयोग एवं कृषकों की सहभागिता से बिहार एवं आसपास के राज्यों में महाराष्ट्र वाली केला क्राति का सूत्रधार बनेगा और इलाके के किसानों की समृद्धि एवं सुख का कारण बनेगा।
- उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के किसान 26 सरकारी समितियों के माध्यम से घरेलू बाजार विकसित कर विदेशों तक केले का निर्यात कर केला उत्पादन में देश को एक नयी दिशा दे रहे हैं।
- महाराष्ट्र केले की सघन खेती, टीशू कल्चर, टपक सिंचाई आदि का उपयोग कर 12-15 हजार रेलवे वैगन प्रति वर्ष उच्च गुणवत्तायुक्त केला देशभर में भेजने का काम करता है।

राष्ट्रीय खबर

लोकसभा ने एडमिरेल्टीर विधेयक, 2016 पारित किया

राष्ट्रीय खबर

लोकसभा द्वारा कल एडमिरेल्टी (न्याय क्षेत्र एवं सामुद्रिक दावों के निपटान) विधेयक, 2016 पारित किया गया।

- इस विधेयक का उद्देश्य अदालतों के एडमिरेल्टी न्याय क्षेत्र, सामुद्रिक दावों की एडमिरेल्टी प्रक्रियाओं, पोतों की गिरफ्तारी एवं संबंधित मुद्दों से जुड़े वर्तमान कानूनों को मजबूत बनाने के लिए एक कानूनी संरचना की स्थापना करना है।
- इस विधेयक का उद्देश्य वैसे पुराने कानूनों का विस्थापन करना भी है जो कारगर प्रशासन की राह में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।
- यह विधेयक भारत के तटीय राज्यों में स्थित उच्च न्यायालयों को एडमिरेल्टी न्याय क्षेत्र प्रदान करता है और यह क्षेत्राधिकार प्रादेशिक जलों तक फैला है।
- इस विधेयक को संसद के शीत सत्र के दौरान पेश किया गया था और कल यह लोकसभा में चर्चा के लिए प्रस्तुत किया गया था।

विश्व शीतकालीन खेल 2017 में भाग लेने वाले विशेष खिलाड़ियों को शानदार विदाई दी गई

खेल

14 से 25 मार्च, 2017 तक ऑस्ट्रिया में होने वाले विश्व शीतकालीन खेलों में भाग लेने वाले विशेष खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों तथा अधिकारियों को विदाई देने के लिए एक शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

- खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विजय गोयल तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुजर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।
- अपने भाषण में श्री विजय गोयल ने कहा कि उनका मंत्रालय 'स्पेशल ओलंपिक्स भारत' को राष्ट्रीय चैंपियनशिप, कोचिंग तथा प्रशिक्षण के आयोजन के वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

- उन्होंने कहा कि आगामी विश्व शीतकालीन खेलों में भाग लेने के लिए सरकार ने 90 खिलाड़ियों, 23 प्रशिक्षकों और 3 अधिकारियों की भागीदारी के लिए सरकार ने लगभग 1.5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।
- खिलाड़ियों के दल को बधाई देते हुए श्री गोयल ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने सिद्ध कर दिया है कि निष्ठा और दृढ़ संकल्प से एक व्यक्ति अपने जीवन में कुछ भी हासिल कर सकता है।
- उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि इन विशेष खिलाड़ियों में से कई खिलाड़ी स्टार बन जाएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।
- श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि किसी भी नागरिक को खेलने के अवसर से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।
- समाज के सभी वर्गों को अपनी पसंद के अनुसार किसी भी खेल गतिविधि में भाग लेने का आनन्द लेना चाहिए, ताकि वे खुशी व स्वस्थ महसूस कर सकें।
- मंत्री महोदय ने कहा कि 'स्पेशल ओलंपिक्स भारत' भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विशेष खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सही दिशा में कार्य कर रहा है।

बांग्लादेश सेना के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने भारतीय समकक्ष से मुलाकात की

भारत सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से श्रीलंका, भूटान, नेपाल, अफगानिस्तान के डॉक्टरों और पैरा मैडिकल स्टॉफ के प्रशिक्षण कार्य में अग्रणी रहा है।

- बांग्लादेश सेना के चिकित्सा सेवा महानिदेशक मेजर जनरल एसएम मुताहर होसैन ने आज एएफएमएस के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार उन्नी और सेना की चिकित्सा सेवा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वेलु नायर से मुलाकात की और भारत भेजे गए रोगियों की चिकित्सा सहित भारतीय सशस्त्र सेना के समर्थन और निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।
- भारत यात्रा पर आए बांग्लादेश सेना के चिकित्सा सेवाओं के महानिदेशक ने टेलीमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा मामलों पर विशेषज्ञ तकनीकी सलाह और सर्जरी तथा अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में सलाह मांगी।
- मेजबान भारत ने इस बारे में अपनी दिलचस्पी व्यक्त की।

अंतर्राष्ट्रीय खबर

रेल मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने पर्यावरण पहल से संबंधित आशय पत्रों (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये

रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की गरिमामयी उपस्थिति में रेल मंत्रालय ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में संयुक्त सहयोग को औपचारिक रूप प्रदान करने के लिए आज अर्थात 9 मार्च, 2017 को रेल भवन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के साथ एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये।

- इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहेन विशेष रूप से आमंत्रित थे। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन श्री ए.के. मित्तल, रेलवे बोर्ड में सदस्य (रोलिंग स्टॉक) श्री रविन्द्र गुप्ता, रेलवे बोर्ड के अन्य सदस्य और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी इस अवसर पर मौजूद थे।
- केन्या के नैरोबी स्थित मुख्यालय से आए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक एवं अवर महासचिव, संयुक्त राष्ट्र श्री एरिक सोलहीम भी इस अवसर पर उपस्थित थे।
- भारतीय रेलवे और यूएनईपी के प्रतिनिधियों ने पर्यावरण एवं स्थायित्व के क्षेत्र में संयुक्त रूप से सहयोग की व्यवस्था के अवसर तलाशने तथा इसके विकास से जुड़े आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किये तथा उनका आदान-प्रदान किया।
- रेलवे के प्रतिष्ठानों में पानी की खपत में 20 फीसदी की कमी को प्राप्त करने के लिए विशिष्ट रोडमैप तैयार करने हेतु सहयोग करना।
- भारतीय रेलवे के प्रमुख स्टेशनों पर अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र स्थापित करने के लिए एक मसौदा कार्य योजना विकसित करने में सहयोग करना।
- हरित प्रौद्योगिकी हेतु टिकाऊ सार्वजनिक खरीद पर भारतीय रेलवे के लिए एक मसौदा कार्य योजना विकसित करने में सहयोग करना।
- इस अवसर पर रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने कहा कि भारतीय रेलवे इस साझेदारी का स्वागत करती है। रेलवे में इस बात को प्राथमिकता दी जा रही है कि कार्बन के उत्सर्जन में कमी की जाए, जिससे सभी लोगों को फायदा होगा।
- इस साझेदारी के बाद यूएनईपी के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने हेतु व्यापक अवसर हैं। रेलवे कई हरित कदम पहले से उठा रही है और वह 1000 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन करने जा रही है।
- इस संयुक्त सहयोग से भारतीय रेलवे को अपने हरित उद्देश्यों की पूर्ति में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय खबर

बीजेपी को दो तिहाई बहुमत, अखिलेश ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणाना जारी है.सभी राज्यों में तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है.सबसे महत्वपूर्ण माने जा रहे यूपी में शाम 6 बजे तक 403 में 372 सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं.

- इसमें से 287 सीटें बीजेपी के खाते में गई हैं. वहीं समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन को 52 सीटें ही मिल पाई हैं.
- बसपा का तो बहुत बुरा हाल हुआ है और उसे अब तक केवल 17 सीटों पर ही जीत मिली है.
- अखिलेश यादव ने राज्य विधानसभा चुनाव में अपनी समाजवादी पार्टी (सपा) की हार के बाद देर शाम राज्यपाल राम नाईक को इस्तीफा सौंप दिया.
- राजभवन के प्रवक्ता ने बताया कि राज्यपाल ने अखिलेश का इस्तीफा स्वीकार करते हुए उन्हें अगली सरकार के औपचारिक गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने को कहा है.
- चुनावों में सपा-कांग्रेस गठबंधन की करारी हार पर अखिलेश यादव ने कहा है कि वह जनता के फैसले को स्वीकार करते हैं और उम्मीद जताते हैं कि नई सरकार बेहतर काम करेगी.
- अखिलेश ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक के बाद जो निर्णय आएंगे, उसका हम सबको इंतजार रहेगा. किसानों का कर्ज माफ हुआ तो बहुत खुशी होगी.
- उधर यूपी बीजेपी के अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया. मौर्य ने कहा, 'यूपी की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं.'

राष्ट्रीय खबर

प्रधानमंत्री ने भारतीय योगदा सत्संग सोसाइटी की 100 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय योगदा सत्संग सोसाइटी की 100 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया।

- इस अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने स्वामी परमहंस योगानंद की सराहना की और कहा कि उन्होंने मुक्ति का रास्ता नहीं बल्कि 'अंतरयात्रा' का मार्ग दिखाया है।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी परमहंस योगानन्द ने अपना संदेश फैलाने के लिए भारत के किनारे छोड़े दिया।
- वह हमेशा भारत से जुड़े रहे।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आध्यात्मिकता इसकी ताकत है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग आध्यात्मिकता को धर्म के साथ जोड़ देते हैं जबकि दोनों में काफी अंतर है।

राष्ट्रीय खबर